हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, सोमवार, 26 मई 2025

11 महाराज सेवानंद की पुण्यतिथि पर भंडारा



12 टॉपर स्टूडेंट्स और टीचर्स को किया सम्मानित



## खबर संक्षेप

### जिला परिवेदना समिति की बैठक कल

**झज्जर।** सीटीएम रविंद्र मलिक ने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक 27 मई को आयोजित की जाएगी। बैठक सुबह 11 बजे लघु सचिवालय स्थित संवाद भवन में होगी, जिसकी अध्यक्षता हरियाणा सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित परिवादों को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। सभी विभागाध्यक्षों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि प्रत्येक शिकायत पर सुनवाई व त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### साइबर ठगी के आरोप में दो गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा एक व्यक्ति से 67500 रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साइबर थाना प्रभारी सोमबीर ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान अरबाज निवासी रूपडा पलवल और शहजाद निवासी भरमा पोस्ट गुलावटी बुलंदशहर उत्तर प्रदेश के तौर पर की गई है। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से दोनों आरोपियों को पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार



**झज्जर।** सीआईए की एक टीम द्वारा डीघल निवासी एक व्यक्ति की गोलीमार कर हत्या करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए प्रभारी विवेक मलिक ने बताया कि योगेश निवासी डीघल की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान आकाश निवासी सरूरपुर कलां उत्तर प्रदेश के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### रईया में घर में घुसकर चोरी, केस दर्ज




**झज्जर।** क्षेत्र के गांव रईया में एक घर में घुसकर चोरों द्वारा सामान चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस को दी शिकायत में नफे सिंह पुत्र रामनारायण ने बताया कि वह पीडब्ल्यूडी विभाग से रिटायर्ड है। उसका पुत्र बाहर नौकरी करता है ऐसे में वह अपनी पत्नी व पुत्री के साथ रहता है। सुबह जब उसने उठकर देखा तो उसकी अलमारी का ताला तोड़ कर उसमें रखे करीब दस हजार रुपये कीमत के नए कपड़े तथा एक पंखा चोरी हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पद्म पुरस्कारों के लिए 31 जुलाई तक करें नामांकन

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा इन पुरस्कारों के लिए आम जनता से ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किए गए हैं, जिनकी अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2025 निर्धारित की गई है।

# तूफान का कहर : छह पॉवर हाउस चार घंटे बंद रहे, 50 खंभे नीचे गिरे, 120 गांवों की बिजली गुल, 200 से अधिक पेड़ टूटे

■ झज्जर में 44 , बादली में 58 , बेरी में 42 , मातनहेल में 40 व साल्हावास में 69 एमएम बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शनिवार देर रात आई तेज आंधी और झमाझम बरसात के कारण जन-जीवन पूर्णतया अस्त व्यस्त हो गया। स्थिति यह रही की छह पॉवर हाऊस चार घंटे तक बंद रहे, पचास से अधिक बिजली के खंभें और दो सौ से अधिक पेड़ गिर गए। जिसके कारण जहां करीब 120 गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित रही, वहीं सड़कों पर पेड़ गिरने के कारण कई मार्गो पर जाम की स्थिति भी बनी रही। बिजली निगम के कर्मचारी दिनभर बिजली व्यवस्था दुरूस्त करने में जुटे रहे, लेकिन सांय पांच बजे तक भी पूरे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं हो पाई। उधर, बारिश के कारण कई क्षेत्रों में जलभराव हो गया। जिसके कारण भी लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। विभागीय जानकारी के अनुसार झज्जर में 44 एमएम, बादली में 58 एमएम, बेरी में 42 एमएम, मातनहेल में 40 एमए और साल्हावास में 69 एमएम बारिश दर्ज की गई।क्षेत्र के गांव खुड्डन में पेड़ गिरने के कारण निजी स्कूल की दीवार गिर गई। वहीं स्कूल में जलभराव के कारण भी काफी नुकसान हुआ। संचालक दिनभर व्यवस्था दुरूस्त करने में जुटे रहे।

■ खुड्डन में पेड़ गिरने से निजी स्कूल की दीवार टूटी

### कई जगह जाम लगा

तेज आंधी और बारिश के कारण बिजली के खंभे और पेड़ गिर गए। जिसके कारण जन-जीवन पूर्णतया प्रभावित हो गया। दिनभर बिजली आपूर्ति बाधित रही। वहीं सड़कों पर पेड़ गिरने के कारण जाम की स्थिति बनी रही।



**झज्जर।** शहर के पुरानी तहसील परिसर के नजदीक गिरा नीम का पेड़।



**झज्जर।** गांव खुड्डन में पेड़ के गिरने से टूटी निजी स्कूल की दीवार।

### जलभराव बना मुसीबत



बरसात के कारण शहर की सड़कें पूर्णतया जलमग्न हो गई। स्थिति यह रही कि पुराना बस अड्डा रोड, पुराना बर्फखाना रोड, अंबेडकर चौक, सिलानी गेट, माता गेट, सीताराम गेट सहित तमाम स्थानों पर एक से डेढ़ फीट तक पानी भर गया। जिसके कारण जहां वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



### तापमान में गिरावट, मौसम में घुली ठंडक

उधर, बारिश और तेज आंधी के कारण मौसम में ठंडक घुल गई और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। जिसके कारण लोगों को गर्मी से आंशिक राहत मिली। रविवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## बहादुरगढ़ में आंधी व बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त



**बहादुरगढ़।** सेक्टर-10 में सड़क पर पड़ा टूटा हुआ बिजली का खंभा।

**बहादुरगढ़।** बुधवार के बाद शनिवार रात को हुई बेमौसम बारिश और तेज आंधी ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। अचानक मौसम बदलाव से बहादुरगढ़ वासियों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। बीती रात बेमौसम बरसात और आंधी-तूफान से कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए। कई जगह छप्पर और होर्डिंग उड़ गए। कई इलाकों में खंभे गिरने से विद्युतआपूर्ति भी रातभर ठप रही। जिस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शनिवार रात को आंधी और तूफान के साथ बेमौसम बारिश शुरू हुई। इस दौरान 47.2 मिलीमीटर बरसात रिकॉर्ड हुई। मौसम में आए परिवर्तन ने बेशक गर्मी से राहत दी हो। लेकिन इस तूफान में गरीबों के आशियाने उजड़ गए। आंधी-तूफान ने गरीब परिवारों की मुश्किलें बढ़ा दी। बहादुरगढ़ में कई जगहों पर पेड़ उखड़ कर सड़क



पर गिर जाने के कारण घंटों अवागमन बाधित रहा। सड़कों पर लगे होर्डिंग्स भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। कई रास्तों पर बिजली के खंभे गिरने से एक तरफ जहां विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। वहीं दूसरी तरफ लोगों को आवागमन में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में ठप हुई आपूर्ति अलसुबह तक बहाल हुई। गनीमत यह रही कि इस दौरान जानमाल की क्षति होने की कोई सूचना नहीं है।

# अधूरे सड़क निर्माण से छुड़ानी के ग्रामीण व वाहन चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्यों का लंबे समय तक अधूरा रह जाना कोई नई बात नहीं है। लेकिन ऐसे मामले ग्रामीणों के घर की डगर को मुश्किल बना देते हैं। गांव छुड़ानी से दुल्हेड़ा और कबलाना वाली सड़क की हालत भी ऐसी ही है। ग्रामीणों ने इन सड़कों को शीघ्र पूरा बनवाने की मांग की है। जी हां, गांव छुड़ानी को दुल्हेड़ा और कबलाना से जोड़ने वाली दोनों सड़कों का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। लंबे समय से सड़क बनाने का काम बंद है। सड़क के अधूरे निर्माण से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण महेंद्र ने बताया कि बड़ी परेशानी के बाद तो सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ था। करीब 2 महीने पहले सड़क बनाने का काम शुरू हो गया था। लेकिन फिर बीच में ही काम बंद हो गया। अधूरा निर्माण रहने से कई दोपहिया वाहन चालक पत्थरों में गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। आपातकालीन स्थितियों में भी वाहनों को समय अधिक लगता है। ग्रामीणों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को कई बार बता चुके है, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर उसे पूर्ण कराया जाए।



**बहादुरगढ़।** अधूरी पड़ी छुड़ानी गांव की तरफ जाने वाली सड़क।

# पर्यटन मंत्री ने दिया पहरावर आने का न्योता

■ 30 को रोहतक के पहरावर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

प्रदेश के सहकारिता, विरासत एवं पर्यटन और जेल मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने शनिवार रात लाइनपार तथा सेक्टर-2 में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेकर 30 मई को रोहतक के पहरावर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम का न्यौता दिया। उनके अनुसार कार्यक्रम को लेकर ब्राह्मण समाज समेत 36 बिरादरी में भारी उत्साह है।

केबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा शनिवार देर सायं लाइनपार में स्थित सूर्य कवि पंडित लख्मीचंद मैमोरियल धर्मशाला और सेक्टर-2 स्थित गौरी शंकर मंदिर में आमजन की समस्याएं सुनने उपरांत उपस्थित जनों से सीधा संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की तरफ से गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी संस्थाओं के तीसरे कैंपस पहरावर में राज्य स्तरीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह मनाया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 30 मई को होने वाले जन्मोत्सव समारोह में शिरकत करेंगे। विप्र समाज व सर्व समाज की अहम भूमिका के चलते यह आयोजन भव्य व ऐतिहासिक होगा। इस अवसर पर प्रिंसिपल जयपाल शर्मा, नरेश भारद्वाज, डॉ. पंकज जैन, मुकेश कौशिक, अश्वनी शर्मा, शेखर कौशिक, अशोक शर्मा, पंकज जैन, राम अहलावत, शतीश नंबरदार, पालेराम शर्मा, प्रवीण शर्मा, सतीश शर्मा, बलराम गौतम, कर्मबीर शर्मा, महेश वशिष्ठ, बबलू प्रधान आदि मौजूद रहे।



**बहादुरगढ़।** कार्यक्रम में लोगों को निमंत्रण देते मंत्री डॉ अरविंद शर्मा।

### सड़क पर खड़े ट्रक से टकराई बाइक, युवक की मौत

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव दादरी तोए के नजदीक मोटरसाइकिल सवार युवक बगैर किसी इंडीकेटर व रिफ्लेक्टर के खड़े ट्रक से जा टकराया। एक्सीडेंट में आई गंभीर चोटों के कारण युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान शहर के सिलानी गेट निवासी करीब 27 वर्षीय मनोराज यादव के तौर पर हुई है। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के पिता राजबीर पुत्र हरिराम ने बताया कि उसका पुत्र मनोराज यादव शनिवार को किसी कार्य से मोटरसाइकिल पर गुरुग्राम गया था। रात करीब साढ़े दस बजे जब वह वापिस लौट रहा था तो दादरी तोए क्षेत्र स्थित एक निजी कंपनी के नजदीक उसकी मोटरसाइकिल बगैर किसी इंडीकेटर व रिफ्लेक्टर के खड़े ट्रक में जा टकराई।

### चोरी करने मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा दादरी तोए क्षेत्र से गाड़ी से सामान चोरी करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी दुलीना प्रभारी रीना ने बताया कि प्रवीन निवासी खरकड़ा बास जिला महेंद्रगढ़ की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामाले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान विजय निवासी दिल्ली के तौर पर की गई है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया।

# मिशन एडमिशन : दो सरकारी और एक एडिड कॉलेज में बीसीए, दाखिले की डगर मुश्किल

जिले के तीन कॉलेजों में कुल 320 सीटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

विभिन्न कॉलेजों में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए आदि स्नातक कक्षाओं के दाखिलों के लिए ऑनलाइन आवेदन जारी हैं। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि विद्यार्थी नौ जून तक उच्चतर शिक्षा विभाग के एडमिशन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस बीच कोविड महामारी के बाद, बीसीए कोर्स की मांग में तेजी से वृद्धि देखी गई है। कोविड के दौरान शिक्षा, व्यापार, बैंकिंग, स्वास्थ्य सेवा और सरकारी कामकाज समेत लगभग हर क्षेत्र ने डिजिटल माध्यमों को अपनाया। इससे आईटी और सॉफ्टवेयर सेवाओं की मांग तेजी से बढ़ी और बीसीए जैसे कोर्स की प्रासंगिकता और मांग दोनों बढ़ गए। जिले की बात करें तो इंजीनियरिंग कॉलेजों को छोड़कर, बीसीए केवल दो सरकारी कॉलेजों और एक एडिड कॉलेज में उपलब्ध है। तीनों कॉलेजों में कुल मिलाकर केवल 320 सीटें हैं। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में बीसीए की 80 सीटें, राजकीय महाविद्यालय, बहादुरगढ़ में 60 सीटें और वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय, बहादुरगढ़ में 180 सीटें हैं। सरकारी कॉलेजों में दाखिले के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा रहती है और बीसीए की सीटें सबसे पहले भरती हैं।




### बीसीए अब चार वर्षीय कोर्स

नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद बीसीए अब चार वर्षीय कोर्स हो गया है, जिसमें कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटाबेस मैनेजमेंट, नेटवर्किंग और साइबर सिक्योरिटी जैसे विषयों की जानकारी दी जाती है। इस कोर्स में विद्यार्थी प्रोजेक्ट्स, इंटर्नशिप और तकनीकी कार्यशालाओं के माध्यम से अनुभव भी प्राप्त करते हैं। वहीं राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के कंप्यूटर विभागाध्यक्ष सौरभ जैन के अनुसार, डिजिटल कौशल की बढ़ती आवश्यकता और आईटी क्षेत्र में रोजगार के नए अवसरों ने इस कोर्स को विद्यार्थियों के लिए आकर्षक विकल्प बना दिया है। कोर्स के बाद विद्यार्थी आईटी क्षेत्र में सॉफ्टवेयर डेवलपर, वेब डिजाइनर, सिस्टम एनालिस्ट, नेटवर्क एडमिनिस्ट्रेटर और साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट जैसे पदों पर कार्य कर सकते हैं। इसके अलावा एमसीए, एमएससी (आईटी), एमबीए (आईटी) जैसे स्नातकोत्तर कोर्सों में प्रवेश ले सकते हैं। डिजिटल दुनिया में तकनीकी ज्ञान हो तो स्टार्टअप और फ्रीलांसिंग के अवसर भी मिलते हैं।

साथ ही बीसीए डिग्रीधारी छात्र विभिन्न सरकारी विभागों, बैंकिंग क्षेत्र, रक्षा सेवाओं और निजी कंपनियों में तकनीकी पदों पर नियुक्त हो सकते हैं।कंप्यूटर प्राध्यापक विकास सुहाग ने बताया कि महामारी के दौरान और उसके बाद आईटी इंडस्ट्री ने बड़े पैमाने पर वर्क फ्रॉम होम कल्चर को अपनाया। इससे युवाओं को तकनीकी ज्ञान के साथ घर बैठे काम करने के अवसर मिले और कंप्यूटर ज्ञान रखने वाले इसके लिए उपयुक्त साबित हुए।

# मुख्यमंत्री से की इंतकाल नहीं करने की शिकायत



**बहादुरगढ़।** सीएम नायब सैनी से शिकायत करते हरीश सैनी।

**बहादुरगढ़।** तहसील में इंतकाल करने के नाम पर चक्कर कटवाने से परेशान शिकायतकर्ता दिल्ली में मुख्यमंत्री दरबार पहुंच गया। सीएम से मुलाकात के दौरान हरीश सैनी व शिकायतकर्ता जसबीर सिंह ने बताया कि वे इंतकाल के लिए पिछले एक साल से तहसील के चक्कर काट रहे हैं। इंतकाल करने की एवज में मोटी रिश्वत की मांग की जा रही है। साइन करने के बावजूद संबंधित अधिकारी ने इंतकाल खारिज कर दिया है। पुनीत सैनी ने कहा कि बहादुरगढ़ तहसील में भ्रष्टाचार का यह पहला मामला नहीं है। शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

*जो प्रेम असहिष्णु हो, जो दूसरों के मनोभावों का तनिक भी विचार न करे, जो मिथ्या कलंक आरोपण करने में संकोच न करे, वह उन्माद है, प्रेम नहीं।*

**- मुंशी प्रेमचन्द**



*भले ही उसके पास रात को रुकने का कोई ठिकाना न था परन्तु वह खुश था। खाली समय में वह खेतों की ओर निकल जाता। जहाँ किसान उसे कुछ काम दे देते और बदले में खाना भी खिला देते। ऐसे ही एक किसान पॉल विच से उसकी घनिष्ठता बढ़ने लगी। एक दिन पॉल विच ने कहा कि कपिल मेरे पास दो कमरे हैं। यदि कभी आवश्यकता हो तो तुम रुकने आ सकते हो।*





कहानी

**आशा खत्री 'लता'**

# जीवनदान

विदेशी धरती पर समुद्र के किनारे बसे इस सुन्दर नगर की दूर तक फैली बीच पर यूँ ही घूमते हुए उसे कई दिन बीत चुके थे। मगर उसे अभी तक एक भी ऐसा चेहरा नहीं मिला था जिस पर उसे अपने लिए कुछ अपनत्व भाव दिखाई दे। अधिसंख्य गोरे और कुछेक मुस्लिमों की भीड़ में उसे कोई भारतीय नहीं दिखाई दिया। गोरी चमड़ी वाली औरतें मात्र अंतःवस्त्रों में ही काला चश्मा लगाये इधर-उधर पसरी पड़ी या किसी मर्द की बाँहों में बाँहें डालकर घूमती दिखाई देती। सर्दियों की दोपहर को यहाँ धूप सेंकना सूर्य स्नान कहलाता है। छोटे-मोटे कार्य के अतिरिक्त उसे कुछ करने को अभी तक नहीं मिला। वह, वह पाना चाहता है जिसके लिए वह अपना देश, अपना घर और अपना परिवार छोड़कर यहाँ आया है। और यह पाने को उसका भाग्य कब चमकता है उसे उसी की प्रतीक्षा भी है और खोज भी।

उसे यहाँ आये आज एक सप्ताह हो गया समझ नहीं पा रहा कि क्या किया जाये जिससे उसके गुजारे के साथ-साथ कुछ रुपये बचाकर वह घर भी भेज सके। तभी उसे एक दढ़ियल प्रौढ़ ने पुकारा - "हे जैन्टलमैन, माला लेंगे।" कहते हुए मालाओं से लदा हाथ उसने उसके आगे कर दिया। जेब के पैसे खत्म हो जाने का डर उन सुन्दर रंग-बिरंगी मालाओं के आकर्षण से बहुत बड़ा था तो दूसरी ओर मालाओं का आकर्षण भी कम नहीं था। उसे ऊहापोह में छोड़ दढ़ियल ने पास से गुजरती एक महिला की तरफ बढ़ते हुए कहा-"हे मैम, देखिये कितनी सुन्दर माला! आपके गले में सजकर तो ये और भी सुन्दर लगेगी।" वह आगे बढ़ती-बढ़ती ठिठक गयी। रंगीन पारदर्शी पत्थरों की उन मालाओं के साथ-साथ मालावाले की मधुर स्वरलहरी और नारी सौन्दर्य की प्रशंसा करती वाणी ने उसके कदम रोक लिये थे।

"ये कितने की है?" उस महिला ने कई मालाओं में से एक को छूते हुए कहा।

"केवल दो सौ रुपये की परन्तु आपकी खूबसूरत गर्दन के लिये एक सौ पचहत्तर की मैम।"

"नहीं-नहीं एक सौ पचास में देनी है तो दीजिए।" दढ़ियल ने तत्काल माला निकालकर उसे पकड़ा दी और महिला पैसे निकालकर उसे थमा चुकी थी। दढ़ियल उसे एक तरफ छोड़ घूमते हुए माला बेच रहा था। कपिल को लगा कि यह काम तो बड़ा आकर्षक है। इसमें सामान के साथ-साथ मधुर स्वर और सौन्दर्य के नये-नये उपमानों के लिये काफी स्थान है। रात भर वह इस विषय पर सोचता रहा। अगले दिन बीच पर घूमते हुए वह माला वाले को ढूंढ़ता रहा। दोपहरी ढलने लगी थी कि उसे वह दिखाई दे ही गया। जहाँ चाह वहाँ राह की उक्ति को दोहराता हुआ कपिल लम्बे डग भरता हुआ उसके पास पहुँच गया।

"माला दिखाओ" वह मुस्कुराते हुए बोला।

दढ़ियल ने भी मुस्कुराते हुए हाथ आगे बढ़ा दिया। एक सुन्दर सी माला उठाते हुए उसने मूल्य पूछा।

"तीन सौ रुपये" दढ़ियल ने कहा।

"दो सौ में दे सकते हो तो दे दो" कपिल ने कहा।

"नहीं" कहते हुए वह आगे बढ़ने लगा।

"रुको, लो, तीन सौ रुपये और माला दो।"

दढ़ियल ने प्रसन्नता से रुपये थामते हुए माला उसे पकड़ा दी।

"बहुत ही सुन्दर है।" कहते हुए कपिल बात को आगे बढ़ाने की गर्ज से मुस्कुराया।

"वो तो है"

"कहाँ से खरीदते हो"

"सुपर मार्किट से" कहते हुए दढ़ियल आगे बढ़ने को हुआ तो कपिल ने उसे रोकते हुए कुछ और भी बातें की।

अगले दिन ही सुपर मार्किट से कुछ मालाएं खरीदकर वह भी बीच पर घूमने लगा। उसकी मुस्कुराती आँखें, मीठी वाणी और जादुई शब्दों का प्रभाव कि कुछ महिलाओं ने तुरन्त मुँह मांगे दाम पर मालाएं ले ली। जेब गर्म होते ही वह कुछ फल खरीदकर खाने लगा। पास में ही खेल रहे एक बच्चे को मुस्कुराते हुए उसने बड़े लाड़ से एक सेब प्रस्तुत किया। जिसे बालक बिना किसी ना नुकर के लेकर उसके पास बैठ खाने लगा। वह खुश था। आज का दिन कितना अच्छा है उसके लिए, उसका काम भी शुरू हो गया और इस बच्चे के रूप में उसे एक साथी मिल गया। भले ही बीच पर कुछ पल के लिए ही सही। बालक कुछ ही देर में उससे घुल-मिल गया उसने अपना नाम ईवान बताया।

अब कपिल का धन्धा चल निकला और ईवान के साथ दोस्ती भी। वह हर रोज की कमाई प्रातः स्थानीय बैंक में जाकर जमा करवा देता और सप्ताहांत में उसे पिता के खाते में भेज देता।

भले ही उसके पास रात को रुकने का कोई ठिकाना न था परन्तु वह खुश था। खाली समय में वह खेतों की ओर निकल जाता। जहाँ किसान उसे कभी-कभार कुछ काम दे देते और बदले में उसे वोदका के साथ खाना भी खिला देते। ऐसे ही एक किसान पॉल विच से उसकी घनिष्ठता बढ़ने लगी। एक दिन पॉल विच ने कहा कि कपिल मेरे पास दो कमरे हैं। यदि कभी आवश्यकता हो तो तुम रुकने आ सकते हो।

"मैं तो आज ही आ जाता हूँ।" कपिल ने कहा। अन्धा क्या चाहे दो आँखें, मन की इच्छा पूरी हो रही थी। अब उसने पॉल विच के कमरे में रात का ठिकाना जमा लिया। दिन भर समुद्र किनारे सैलानियों को मालाएं व पत्थर बेचने और प्रातः सांय पॉल विच के खेतों में काम करते उसे लगता जैसे वह अपने गाँव के खेतों में, अपने गाँव की मिट्टी से मिल रहा है। अपने गाँव से हजारों किलोमीटर दूर कई समन्दर पार इस शीत प्रदेश में जीवन बहुत कठिन तो था परन्तु कठोर नहीं लग रहा था। पॉल विच जो आयु के लगभग पचहत्तर वर्ष पार कर चुका था, एक संरक्षक के रूप में उसके सिर पर था। वह अपनी जवानी में एक पहलवान था, फिर प्रदेश सरकार में मन्त्री बना और अब किसान बनकर अपना वार्धक्य बिता रहा था। खेत में काम करने के बाद नित्य वोदका का सेवन करते हुए पत्नी के हाथ का स्वादिष्ट खाना उसके साथ-साथ कपिल को भी मिलने लगा था। पॉल विच की पत्नी एक सुघड़ गृहिणी के साथ एक वात्सल्यमयी स्त्री थी।

परन्तु जिन्दगी इतनी भी सरल कहाँ होती है जितनी आजकल कपिल को लग रही थी। हुआ यूँ कि पॉल विच की एक रिश्तेदार अपने दो बच्चों के साथ उसके पड़ोस में रहने आ गयी। वह स्वभाव से ही एक झगड़ालू और कर्कश स्वर वाली स्त्री थी। पॉल विच और कपिल की मित्रता उसे चुभती थी। कपिल उसे कतई घास नहीं डालता था। वह प्रयास भी करती तो कन्नी काट जाता।

ऐसी ही एक प्रातः जब कपिल पॉल विच के खेत में कार्य में जुटा था, तब वह आई और उस पर डोरे डालने का प्रयास करने लगी-

"प्यारे कपिल, तुम कितना काम करते हो।"

"प्रिय ओल्गा, क्या करूँ, मैं यहाँ काम ही तो करने आया हूँ।"

"क्या हम मित्र बन सकते हैं प्रिय कपिल।"

"ऐसा कैसे सम्भव है झगड़ालू ओल्गा।"

कपिल मुस्कुराया।

"मैं तुमसे तो नहीं ही झगड़ूंगी प्रिय कपिल"

"लेकिन मैं तो तुम जैसी कर्कशा से बात करना भी पसन्द नहीं करता। मुझे तो कोई मधुर स्वर वाली सुकुमारी ही आकर्षित कर सकती है झगड़ालू ओल्गा। अब तुम जाओ, नहीं तो तुम्हारी यह बेशर्मी मैं पॉल विच को बता दूँगा।"

*कुछ दिन ही बीते थे कि अवसर पाकर फिर ओल्गा कपिल का हाथ थाम प्रणय निवेदन करने लगी। कपिल ने हाथ छुड़ाने का प्रयास किया तो वह उसका गाल चूमने को बढ़ी। उसके इस प्रयास को कपिल ने उसे धक्का देकर गिराते हुए विफल कर दिया। कर्कश ओल्गा इस अपमान से और भी खूंखार हो उठी।*

कपिल के मुँह से अपने लिए ऐसी उपेक्षापूर्ण बातें सुनकर वह पैर पटकती हुई चली गयी। कपिल ने तो पॉल विच को कुछ नहीं बताया पर जैसा कि उसे अन्देशा था कि ओल्गा ने पॉल विच को अपने हिसाब से कपिल के दुर्व्यवहार की शिकायत की। पॉल विच ने दुनिया देखी थी और कपिल के सद्व्यवहार को वह जानता था। ओल्गा के चरित्र की भी भनक उसे थी। अतः उसने कपिल से इस विषय में कुछ विशेष नहीं कहा।

कुछ दिन ही बीते थे कि अवसर पाकर फिर ओल्गा कपिल का हाथ थाम प्रणय निवेदन करने लगी। कपिल ने हाथ छुड़ाने का प्रयास किया तो वह उसका गाल चूमने को बढ़ी। उसके इस प्रयास को कपिल ने उसे धक्का देकर गिराते हुए विफल कर दिया। कर्कश ओल्गा इस अपमान से और भी खूंखार हो उठी। उसने अपने पति, जो दूसरे शहर का माफिया डॉन था को, कपिल पर दुराचार के प्रयास का आरोप लगाते हुए रो-रोकर शिकायत की। उसके पति जिसके लिए मारपीट, हत्या जैसे जुर्म सामान्य बात थी, ने कुपित होकर कपिल की सुपारी स्थानीय माफिया डॉन दुश्चेव को दे दी।

दुश्चेव ने उसी दिन अपने एक गुण्डे को कपिल को शाम तक अपने पास उपस्थित करने का आदेश दिया। उस गुण्डे ने माला बेचते हुए कपिल को धर पकड़ा और शाम को अपने बॉस दुश्चेव के सामने उसके अड्डे पर उपस्थित होने का हुक्म चेतावनी भरे भयभीत कर देने वाले लहजे में दिया। कपिल भले ही कई महीने यहाँ रहते हुए पॉल विच की छत्रछाया में स्वयं को सुरक्षित अनुभव करने लगा था। वह हर शाम बीच पर व्यवसाय करने के लिए एक निश्चित राशि स्थानीय माफिया के कारिन्दे को भी देता था। परन्तु मारपीट, हत्या आदि से वह अभिज्ञ था। अतः सांय को जब वह बताये गये ठिकाने पर पहुँचा तो उसने ईवान को भी वहीं खेलते हुए पाया। उसे देखते ही ईवान चिल्ला पड़ा-

"भइया कपिल! भइया कपिल" और दौड़कर उससे लिपट गया। फिर उसका हाथ खींचते हुए अपने पापा के पास ले गया-

"पापा देखा कपिल भइया जिनके बारे में मैं आपको बताता हूँ। आज ये मुझसे मिलने आये हैं। मैं इनके लिए भी माँ से खाना बनवाता हूँ। आज ये यहीं खाना खायेंगे"

"हाँ, हाँ जाओ ईवान अपनी माँ से कपिल के लिए भी खाना बनाने के लिए कहो। उन्हें बताओ तुम्हारे कपिल भइया आये हैं।"

ईवान के अन्दर जाते ही दुश्चेव ने कपिल को सम्बोधित करते हुए कहा-

"तो तुम पॉल विच के यहाँ रहते हो?"

"जी" कपिल ने थूक सटकते हुए कहा।

"मैं कल उनसे मिलूँगा और उन्हीं से बात करूँगा। अब तुम जा सकते हो, ईवान को मैं समझा दूँगा।"

दुश्चेव की ठहरी हुई कड़क आवाज और भावहीन चेहरे ने तो कपिल के शरीर में सिहरन दौड़ा दी। परन्तु ईवान उसके लिए देवदूत बनकर आया था। जान बची और लाखों पाये। दुश्चेव के कहते ही वह तेज कदमों से खिसक लिया। इस विदेशी धरती पर उसका कौन था जो उसके लिए कुछ करता। वह लगभग दौड़ते हुए अपने ठिकाने पर पहुँचा। अगले चौबीस घण्टे उसके लिए बहुत ही चिन्ताजनक थे, जब तक कि दुश्चेव पॉल विच से मिलकर सारा मामला क्या था, न बता ले।

अगली शाम जब खेत पर दो घण्टे कठोर श्रम के उपरान्त कपिल वापस आया तो दुश्चेव पॉलविच से मिलकर जा चुका था। पॉल विच ने मुस्कराते हुए कपिल का स्वागत किया और वोदका का गिलास पेश करते हुए कहने लगा-

"दुश्चेव आया था। उसे ओल्गा के पति ने तुम्हारी सुपारी दी थी। पर तुम किस्मत के धनी निकले कि ईवान तुम्हें बड़ा भाई मानता है और यही बात तुम्हारे पक्ष में गयी। खैर, ओल्गा को उसके पति ने वापस बुला लिया है। तुम मेरे कमरे में यथावत रह सकते हो।" कपिल कुर्सी पर जड़ हुआ बैठा था। आज वोदका भी उसकी ठिठुरन को दूर न कर सकी। वह समझ नहीं पा रहा था कि यह कंपकंपी डर की है या ठण्ड की। अपनी सुपारी और दो माफिया से उसकी दुश्मनी का यह प्रसंग उसे भीतर तक सिहरा गया। लेकिन दूसरी ओर ईश्वर में उसकी आस्था और प्रगाढ़ हो गयी। एक नन्हें बालक को प्रेम से खिलाये कुछ फल, उसके साथ बिताये कुछ पल उसे जीवनदान दे गये थे।

---

**पुष्पलता आर्य**



## वर्जना में सर्जना

वर्जना में सर्जना की लीक पकड़े चल रहे हैं
नींद की अवमानना कर स्वप्न सच्चे पल रहे हैं

चीर कर पत्थर युगों के बह रहे उन्मुक्त धारे
कब समय के निर्झरों को बाँध पाए हैं किनारे
बाँध कितने बंधनों के हाथ अपने मल रहे हैं
वर्जना में सर्जना....

कंटकों के दंश कुसुमों ने सहे हैं मुस्करा कर
रात काटी है सितारों ने अंधेरी जगमगा कर
विषधरों के पाश में लिपटे हुए संदल रहे हैं
वर्जना में सर्जना की ..

रुख हवाओं का बदलने की मिली जिनको कुशलता
किंकिरी बनकर उन्हीं के चल पड़ी पीछे सफलता
धार के विपरीत जो बहते रहे अव्वल रहे हैं
वर्जना में सर्जना की ..

श्वास सूली पर चढ़े थे और छलना मुस्कराई
लाख सच ने कष्ट झेले कौनसी पीड़ा न पाई
जो खिले दलदल के तल पर वे कमल का दल रहे हैं
वर्जना में सर्जना की...

मेघ बरसें या न बरसें चातकों ने हठ न त्यागा
प्यास थी पर भूमि से दो बूंद पानी भी न माँगा
या हुई पूरी प्रतिज्ञा अन्यथा निर्जल रहे हैं
वर्जना में सर्जना की ....

---

**कृष्ण लाल 'गिरधर**



## मिशन सिंदूर

जग जाहिर है जंग हमारी देखो हमारे जांबाज।
पैर पकड़ ले पाकिस्तान, खैर नहीं है तेरी आज ।

पुलवामा ,पहलगाम में पाप किया है पाकिस्तान।
चुन चुन कर अब बदले लेता, देखो हमारा हिंदुस्तान।

भिखमंगा भिखारी मांग रहा दूजो से हथियार।
जितने भी दागे तूने, सबके सब कर दिये बेकार।

पूरा विश्व अब देख रहा ,तेरे बंकर अड्डों को।
अब आतंकी ढेर हो रहे, देखो उनके खड्डों को।

शांत प्रिया सेना हमारी,कभी ना युद्ध चाहती है।
तेरे जैसे बेशर्म देश को, सबक जरूर सिखाती है।

अब ना चूकेंगे अब ना रुकेंगे, पूरा हिसाब चुकाएंगे।
मेरे भारत वीर सेनानी आगे बढ़ते जाएंगे।

जिन बहनों का सिंदूर मिटा है, उनको न्याय दिलाएंगे।
चला 'मिशन सिंदूर' है अब जड़ से ही मिटाएंगे।
जय हिन्द, जय हिन्द की सेना।

---

**साहित्यकार कृष्ण कुमार निर्माण का मानना है कि आधुनिक युग में भी निश्चित रूप से साहित्य की स्थिति सर्वोच्च बनी है, मगर सोशल मीडिया के दौर को थोड़ा चुनौती भी कहा जा सकता है। ऐसा भी नहीं है कि साहित्य के पाठकों में कमी आई है, बल्कि मुद्रित पुस्तकों के मुकाबले ऑनलाइन पाठ पठन कुछ ज्यादा हो गया है। असल में साहित्य वही है जो कालजयी हो और आम जनमानस की पीड़ा को प्रभावी तरीके से व्यक्त करता हो।**

साक्षात्कार

**ओ.पी. पाल**

# सामाजिक उत्थान का माध्यम है साहित्य सृजन: कृष्ण कुमार

साहित्य जगत में लेखन केवल साहित्य संवर्धन ही नहीं है, बल्कि सामाजिक उत्थान में भी साहित्य की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। ऐसा साहित्य सृजन करते आ रहे मूर्धन्य विद्वानों का भी मत है कि साहित्य के बिना समाज की कल्पना असंभव है। समाज को नई दिशा देने के मकसद से ही साहित्यकार अपनी विभिन्न विधाओं में लेखन करने में जुटे हैं।

ऐसे ही लेखकों में साहित्यकार कृष्ण कुमार निर्माण भी सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों को उजागर करके आलेख, कविताओं और सामयिक विषयों पर अपने रचना संसार को दिशा देने में जुटे हुए हैं। साहित्यकार एवं लेखक कृष्ण कुमार निर्माण का जन्म 15 जून 1975 को हरियाणा के सोनीपत जिले में गोहाना तहसील के गांव बरोदा में भूप सिंह निनानिया और रतनी देहड़ान के घर में हुआ। उनके परिवार में कोई साहित्यिक माहौल तो नहीं रहा, लेकिन पिता अक्सर उन्हें सांग दिखाने ले जाया करते थे, शायद इसी से प्रभावित होकर उनमें भी साहित्यिक व संस्कृति के प्रति रुझान बढ़ने लगा। स्कूल में शिक्षकों ने भी उनकी प्रतिभा को निखारने में सहयोग दिया। वह स्कूल में भाषण प्रतियोगिता, काव्य पाठ और अभिनय करते थे और इन सभी विधाओं में उसने पहला स्थान हासिल किया। उन्हें राज्य स्तर पर श्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ कमंटेटर का खिताब भी हासिल हुआ है। बकौल कृष्ण कुमार, बचपन से ही सांग देखकर और अपने ताऊ जी को सुन-सुनकर साहित्य सृजन के लिए उनके लेखन की शुरुआत हुई। सबसे पहले तो हरियाणवी में रागनी लिखना शुरू किया। जब वह आठवीं कक्षा में थे तो उन्होंने अपनी पहली रचना लिखी, जिसे कई आध्यात्मिक कार्यक्रमों में भी गाया और उन्होंने उसे स्वयं भी सुना। इसी बीच निरंकारी मिशन द्वारा एक गीत संग्रह 'हर का भजन करया कर' प्रकाशित हुआ, जो कि पहली बार सार्वजनिक भी हुआ और फिर अखबारों में प्रकाशित हुआ। अखबारों में उनकी रचनाएं छपने के क्रम से उनका आत्मविश्वास बढ़ना स्वाभाविक भी था। जिसमें हिसार में उन्हें राज्य कवि उदयभानु हंस के साथ भी मंच पर कविता पढ़ने का अवसर मिला और यहीं से हिंदी में भी साहित्य लिखने का क्रम आगे बढ़ा। उन्होंने बताया कि उनके लेखन के क्रम ने गति पकड़ी और विभिन्न कवि सम्मेलनों में काव्य पाठ भी करते रहे। वहीं उनके कई साझा संग्रह भी आए, लेकिन एक मित्र ने कहा कि आप इतने दिनों से लिख रहे हो, अपना खुद का संग्रह लिखकर भी छपवाओ। इसके बाद उन्होंने हरियाणवी लघु कविताओं का संग्रह लिखा। जहां तक साहित्यिक सफर में परेशानियों का सवाल है उसके लेखन में कई बार आई, लेकिन ऐसी समस्याएं जल्द हल हो गई। एक ऐसा दिलचस्प किस्सा भी उस समय सामने आया, जब रेवाड़ी में वह अपना कविता पाठ करके मंच से नीचे उतर रहे थे तो युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी ने उनकी लिखी रचना को लिखित में मुझे मांगा, जिससे उनका उत्साह बढ़ना भी स्वाभाविक था। आज वह कविता, ग़ज़ल, लघुकथा, व्यंग्य, समसामयिक विषयों पर लेख लिख रहे हैं और कुंडली, लघुकविता, लघुकथा भी उनके साहित्यक साधना की विधाओं में शुमार हैं। उनके उनके साहित्य लेखन का फोकस जनपक्ष की व्यथा, जातिगत भेदभाव, किसानों की दुर्दशा और नारी अधिकार जैसे सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों पर ज्यादा रहा है।

उनके आलेख, कविताएं और रचनाएं देश की विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में भी अनवरत प्रकाशित होती रही हैं। वहीं हिसार दूरदर्शन से उनके काव्य की अनेक बार प्रस्तुतियां प्रसारित हो चुकी हैं। साहित्य और संस्कृति से दूर होती युवा पीढ़ी को लेकर इनका मानना है कि लेखकों द्वारा साहित्य तो ज्यादा लिखा जा रहा है, लेकिन उसमें गिरावट नजर आने लगी है और यह बहुत ही तकलीफदेह है कि आज साहित्य भी दो खांचों में बांटा जा रहा है।

इसके लिए खासतौर से युवाओं को साहित्य से जोड़ने के लिए स्कूल और कॉलेजों स्तर पर सहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यशालाओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। युवाओं को साहित्य के प्रति प्रेरित करने के लिए उनके स्तर और बदलते युग के साहित्य लेखन की जरूरत है।

### प्रकाशित पुस्तकें

साहित्यकार कृष्ण कुमार की प्रकाशित पुस्तकों में हरियाणवी लघुकविता संग्रह 'बखत बखत के बोल', हिंदी आलेख संग्रह 'प्रसंगवश', काव्य संग्रह 'कविता के बहाने व शब्द बोलते हैं', हरियाणवी लघुकविता संग्रह 'घणा बदलग्गा यार जमाना', व्यंग्य संग्रह 'हल्के-फुल्के व्यंग्य', हरियाणवी कुंडली संग्रह 'मन के जाले', आलेख संग्रह 'संयोगवश' शामिल हैं। उनके साझा संग्रह में हरयाणवी गीत संग्रह 'हर का भजन करया कर', 'कविप्रिया', लघुकविता संग्रह 'हरियाणवी जिंदाबाद' आदि प्रमुख हैं।



कृष्ण कुमार निर्माण

### पुरस्कार व सम्मान


हिंदी और हरियाणवी साहित्य में कविता, गजल, लघुकथा, व्यंग्य जैसी विधाओं में योगदान के लिए साहित्यकार कृष्ण कुमार निर्माण को अनेक पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। उन्हें 'हिंदी श्री' सम्मान, श्रेष्ठ साहित्यकार सम्मान, हरियाणवी साहित्य गौरव अवार्ड, श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान, साहित्य सभा कैथल व नेपाल की संस्था द्वारा पुरस्कारों से नवाजा गया है। वहीं कवि सम्मेलनों के मंचों पर भी उन्हें अनेक पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है।

### व्यक्तिगत परिचय

**नाम** : कृष्ण कुमार निर्माण
**जन्मतिथि** : 15 जून 1975
**जन्म स्थान** : गांव व पोस्ट बरोदा, गोहाना, जिला सोनीपत,(हरियाणा)
**शिक्षा** : एमए (हिंदी), बीएड,एलएलबी, पत्रकारिता में डिप्लोमा
**संप्रति** : स्वतंत्र लेखन, कवि एवं शिक्षा विभाग हरियाणा में अधिकारी

---

# क्रूर समय का दर्द बताता 'हस्ताक्षर तुम्हारे हैं'






**कविता-संग्रह : हस्ताक्षर तुम्हारे हैं**
**लेखक : डॉ. कमलेश मलिक**
**मूल्य : 225 रुपये**
**प्रकाशक : न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन**

पुस्तक समीक्षा

**ब्रह्म दत्त शर्मा**

वरिष्ठ लेखिका और पूर्व कॉलेज प्रिंसीपल कमलेश मलिक मूलतः कथाकार हैं लेकिन कवि के रूप में भी वे कम विख्यात नहीं हैं। यह कविता-संग्रह इसका जीता जागता प्रमाण है। पुस्तक में संकलित कविताओं में वर्तमान समय के लगभग सभी जरूरी मुद्दों या समस्याओं को बड़े पुरजोर तरीके से उठाया गया है। आमतौर पर कविता या कहानी की किसी एक ही किताब में इतने ज्यादा विविध विषय कम ही देखने को मिलते हैं। दूसरा, इन कविताओं की भाषा सहज व सरल है और कवयित्री ने कहीं पर भी अपनी बौद्धिकता का प्रदर्शन करने का अनावश्यक प्रयत्न नहीं किया है। तीसरा ये सभी कविताएं आम आदमी के जीवन से भी जुड़ी हुई हैं। इस संग्रह के शुरुआत में कई बेहतरीन ग़ज़लें हैं। एक बानगी के तौर पर देखिए---

*लोग रहते हैं जहां बस सिर्फ रहने के लिए*
*बेशक मकां कह दो उसे घर तो हो नहीं सकता।*
*कहां तक जाएगी नफरत जगेगी एक दिन उल्फत*
*आखिर इंसां इंसां है पत्थर तो हो नहीं सकता।*

ग़ज़ल के बाद उनकी कविताओं की बात करें तो वहां अलग-अलग कविताओं में अलग-अलग विषयों पर कलम चलाई गई है। "सखी के नाम" कविता में बिछड़ी सहेली को याद करती हैं-

*मैत्री के रंग भला फीके कहां पड़े हैं*
*मैं देखती रही तुम्हें रंगीन तितलियों में।*

बहुत सी कविताएं समसामयिक मुद्दों को लेकर भी हैं। उन्होंने किसान आंदोलन, महिला खिलाड़ियों का आंदोलन, महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ आंदोलन इत्यादि मुद्दों को भी खूब उठाया है।

वे इसी पर कहती हैं, एक महिला खिलाड़ी देश का झंडा फहराती है खेल के मैदान में फिर वही आंसू बहाती है न्याय के विधान में। संग्रह की शीर्षक कविता में उन्होंने मठाधीशों की क्या खूब खबर ली हैः हम कोल्हू के बैलों से बंधी आंखें चले मीलों मगर हमको मिला भूसा, कि गुड शक्कर तुम्हारे हैं। जीवन की नश्वरता भी उनकी लेखनी से छूटी नहीं है, कुछ मीठे खट्टे फलों का एहसास भर है यह जिंदगी तो चार दिन मधुमास भर है, इस मंच का परदा गिराने तलक ही तो कठपुतलियों के नाच का आभास भर है। अंत में इतना कहा जा सकता है कि कमलेश मलिक की कविताएं इस क्रूर समय को कागज पर उतारने में और पाठकों को सोचने पर विवश करने में सफल रही हैं। लेखिका कमलेश मलिक को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं।

**खबर संक्षेप**

### अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** जीआरपी ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. पर एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। प्लेटफार्म पर एक व्यक्ति ट्रॉली बैग के साथ बैठा हुआ था। संदेह होने पर पूछताछ की तो उसने अपना नाम बिहार के चपरा निवासी जितेंद्र बताया। जीआरपी ने उसके बैग की तलाशी ली तो बैग से दो पेटी शराब बरामद हुई। आरोपी ने बताया कि वह शराब बिहार ले जा रहा था। ट्रेन छूट जाने के कारण वह दूसरी ट्रेन का इंतजार कर रहा था। जीआरपी ने उसे गिरफ्तार करने के बाद केस दर्ज कर लिया।

### रेलवे स्टेशन पर खड़ी स्कूटी चोरी

**कोसली।** झाड़ली रेलवे स्टेशन पर खड़ी रेलवे के एक कर्मचारी की स्कूटी चोरी हो गई। जीआरपी को दर्ज शिकायत में भिवानी के सिद्धार्थ नगर निवासी हवासिंह ने बताया कि उसकी ड्यूटी मोहन बाड़ी रेलवे स्टेशन के पास गेट पर लगी हुई है। वह झाड़ली स्टेशन पर स्कूटी खड़ी करने के बाद ड्यूटी पर चला गया था। वापस आने पर उसे स्कूटी वहां नहीं मिली। अपने स्तर पर काफी तलाश करने के बाद भी स्कूटी का कोई पता नहीं चल सका। जीआरपी ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद स्कूटी का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### सट्टा खाईवाली करते एक आरोपी काबू

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खाईवाली करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति होटल के पीछे आवाज लगाकर लोगों को सट्टा खिला रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर आरोपी को काबू कर लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम यूपी के सुदामा नगर निवासी सौरव उर्फ गोपाल बताया। उसके कब्जे से सट्टे की 9390 रुपये राशि, सट्टा पर्चियां और एक केलकुलेटर बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### पुलिस को चकमा देकर आरोपी फरार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने आदर्श नगर में बाइक पर शराब बेच रहे एक आरोपी की बाइक को शराब सहित कब्जे में लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बास रोड आदर्श नगर निवासी देव बाइक पर शराब लेकर अपने किराए के मकान के बाहर खड़ा शराब बेच रहा है। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। आरोपी बाइक छोड़कर फरार हो गया। उसकी बाइक पर रखी पेटी से 48 व थैले से 14 पव्वे शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब को बाइक सहित कब्जे में लेकर केस दर्ज कर लिया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार हुए वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। मॉडल टाउन थाना क्षेत्र में 14 अप्रैल को बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। बाइक चालक मौके से फरार होने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद उसका पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए थे। इस मामले में पुलिस ने माजरा गुरदास निवासी विनोद को हादसे में प्रयुक्त बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### कैंब्रिज इंटरनेशनल विद्यालय भदाना में पेरेंट्स-टीचर मीटिंग का आयोजन

# अभिभावकों ने दिए बच्चों के शैक्षणिक विकास को बेहतर बनाने के सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

कैंब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदाना में रविवार को कक्षा बाल वाटिका से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों की सत्र की प्रथम पेरेंट्स-टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में अभिभावकों ने अधिक से अधिक संख्या में विद्यालय पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र जून ने बताया कि बैठक का उद्देश्य अभिभावकों को उनके बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, व्यवहारिक विकास तथा समग्र व्यक्तित्व पर जानकारी देना रहा। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों की पाठ्यक्रम में अब तक की प्रगति, नियमितता, अनुशासन, और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भागीदारी पर प्रकाश डाला। अभिभावकों ने शिक्षकों से सीधा संवाद कर अपने बच्चों के शैक्षणिक व मानसिक विकास को बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी प्राप्त किए।



**झज्जर।** अभिभावकों को उनके बच्चों की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी देते हुए निदेशक धर्मेंद्र जून। फोटो :हरिभूमि



**झज्जर।** पीटीएम के दौरान बच्चों की शैक्षणिक रिपोर्ट का जायजा लेते अभिभावक। फोंटो :हरिभूमि



**झज्जर।** शिक्षकों से मिलकर अपने बच्चों की मासिक परीक्षा रिपोर्ट लेते हुए अभिभावक। फोटो :हरिभूमि

### अभिभावकों को कराया बच्चों की शैक्षणिक प्रगति से अवगत

**झज्जर।** एमआर स्कूल में फर्स्ट पीरिओडिकल परीक्षा के उपरांत रविवार को अध्यापक-अभिभावक सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। कक्षा पर्यवेक्षकों द्वारा सभी अभिभावकों को उनके बच्चों की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी दी गई। विद्यालय के निदेशक सोमबीर कोडान ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उन्हें भविष्य में और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्राचार्या नेहा शर्मा ने उपस्थित सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया और उन्हें बच्चों के साथ नियमित संवाद करने तथा समय देने की सलाह दी। उन्होंने अभिभावकों से रचनात्मक सुझाव भी आमंत्रित किए।

### अभिभावकों ने स्कूल पहुंचकर लिया बच्चों की शैक्षणिक रिपोर्ट का जायजा

**झज्जर।** एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में रविवार को अभिभावक-अध्यापक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान अभिभावकों ने स्कूल पहुंच कर अपने बच्चों की मासिक परीक्षा की रिपोर्ट ली और अध्यापकवृन्द के साथ अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खुलकर संवाद किया। विद्यालय प्राचार्य सतबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित अभिभावक-अध्यापक मिलन समारोह में कक्षा अध्यापकों द्वारा अभिभावकों को मासिक परीक्षा के परिणाम से अवगत कराया गया। इस दौरान विद्यालय के ओपन हॉल में विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें आरबीआई एक्सचेंज रेट, थ्री सेक्टर ऑफ इकॉनोमी, सर्कुलर फलो ऑफ इनकम और इवोलेशन ऑफ मनी ने सभी अभिभावकों का मन मोह लिया। इस मौके पर एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा एवं हेमंत गुलिया ने अभिभावकों का स्कूल पहुंचने पर आभार जताया।

## एआई और रोबोटिक्स लैब की सफलता के साथ पीटीएम आयोजित

**झज्जर।** संस्कारम् पब्लिक स्कूल खातिवास में रविवार सत्र 2025-26 की पहली शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। कक्षा नर्सरी से बारहवीं के विद्यार्थियों के लगभग 90 फीसदी अभिभावकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक के दौरान शैक्षिक उपलब्धियों के साथ-साथ अन्य गतिविधियों व विषयों पर भी विचार-विमर्श किया। अभिभावकों ने विद्यार्थियों की दिनचर्या, उनके व्यवहार, समय-सारिणी, खेलकूद व रुचि के बारे में शिक्षकों को परिचित करवाया। इस दौरान शिक्षकों ने गर्मियों की छुट्टियों को उपयोगी बनाने के लिए माता-पिता को कुछ सुझाव भी दिए। उन्होंने बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों में शामिल करने, परिवार के साथ समय बिताने और कुछ नया सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। पीटीएम के साथ-साथ स्कूल में अभिभावकों को रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों से रूबरू कराने के लिए एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा रोबोटिक तकनीकी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की आवश्यकता, निर्माण विधि एवं उपयोगिता पर अभिभावकों से चर्चा की गई। विद्यार्थियों द्वारा किए गए प्रयासों को अभिभावकों ने खूब सराहा। इस मौके पर संस्कारम ग्रुप्स के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने कहा कि बदलते दौर में शिक्षा के स्वरूप में तेजी से परिवर्तन हो रहा है। सिर्फ किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि तकनीकी समझ और नवाचार अब सफलता की बुनियाद बन चुके हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय में कक्षा एक से लेकर कक्षा दस तक के रोबोटिक एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पढ़ाई भी शुरू की गई है।



**झज्जर।** पीटीएम के दौरान अभिभावकों को बच्चों की शैक्षिक रिपोर्ट की जानकारी देते हुए शिक्षक।

## गांव सांखोल में हुआ जागरूकता सेमिनार

■ सभी वार्ड में 5 वर्ष तक की आयु वाले सभी बच्चों को हाईटेक प्राथमिक शिक्षा देना उनका उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

रविवार को गांव सांखोल में एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं को स्वास्थ्य के साथ रोजगार व कुटीर उद्योग के बारे में बताया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण जन विकास योजना द्वारा आयोजित सेमिनार में मुख्यअतिथि के रूप में भाजपा विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक ने शिरकत की। भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने राष्ट्रीय ग्रामीण जन विकास योजना द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा महिलाओं को रोजगार, कुटीर उद्योग, स्वयं सहायता समूह, किसान क्लब, जेएलजी योजना, महिला पैड बैंक योजना, आरजीजेवीवाई शिक्षा विकास केंद्र योजना बहादुरगढ़ के सभी गांवों तक पहुंचाने का सराहनीय लक्ष्य रखा है। संस्था के प्रयासों का लाभ महिलाओं को मिल रहा है। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरनाथ ने बताया कि सभी वार्ड में 5 वर्ष तक की आयु वाले सभी बच्चों को हाईटेक प्राथमिक शिक्षा देना उनका उद्देश्य है। साथ ही ऑनलाइन व ऑफलाइन के माध्यम से नई शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा देना है। सेमिनार में एसडीओ करुणा, नंदलाल, सीमा शौकीन, शम्भू, रुपेश कादयान, ममता सिंह, रजनी आदि मौजूद रहे।



**बहादुरगढ़।** सेमिनार में दिनेश कौशिक का स्वागत करते संस्था पदाधिकारी।

## गोयल ने नंदीशाला में दिए 11 हजार रुपये

■ साथ ही समिति के क्रियाकलापों की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गोधन सेवा समिति द्वारा मेला ग्राउंड की नंदीशाला में हवन किया गया। इसमें यजमान के तौर पर नितिन गोयल ने आहुति डाली। गोयल परिवार ने नंदीशाला में 11 हजार की राशि से बेसहारा गोवंश की सेवा में सहयोग किया। साथ ही समिति के क्रियाकलापों की सराहना की। इस मौके पर महेंद्र गोयल, सुनील छिल्लर बराही, रमेश राठी, कृष्ण चावला, बिजेंद्र राठी, राजा जून, सोनू बंसल व सोमबीर आर्य आदि उपस्थित रहे।



**बहादुरगढ़।** नितिन गोयल को स्मृति चिह्न देते समिति सदस्य। फोटो :हरिभूमि



### पीएमश्री विद्यालय बावल में शिक्षाविदों ने वाटर कूलर व कुर्सियां की भेंट


**बावल।** शनिवार को पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बावल में दो शिक्षाविदों ने विद्यालय के विद्यार्थियों के प्रति प्रेम भावना की अनूठी मिसाल पेश की। विद्यालय के इनफॉर्मेशन मैनेजर के पद पर कार्यरत अमृत सिंह ने बच्चों के लिए भीषण गर्मी में ठंडे पानी की व्यवस्था के लिए एक वाटर कूलर लगवाया। वॉटर कूलर से विद्यालय के करीब 500 विद्यार्थियों को तपती गर्मी में अब ठंडा व स्वच्छ जल पीने को मिलेगा। इसके अलावा विद्यालय में हिंदी अध्यापक के पद पर कार्यरत चंद्रपाल ने कंप्यूटर लैब में बच्चों के बैठने के लिए 51 कुर्सियां भेंट की है। दोनों शिक्षाविद इसी विद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं।

## सांखोल में सरकारी भूमि के उपयोग को लेकर लगाई आरटीआई

■ बीडीपीओ के जनसूचना अधिकारी से गांव की सरकारी भूमि के उपयोग को लेकर जानकारी मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर से सटे गांव सांखोल में सरकारी भूमि के उपयोग को लेकर लंबे अरसे से सवाल उठ रहे हैं। बीते दिनों गांव में राजकीय स्कूल की जमीन को लेकर उठे विवाद के बीच अब जागरुक ग्रामीणों ने आरटीआई के माध्यम से खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय से जानकारी मांगी है। हालांकि सही व संपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाए जाने को लेकर संशय बरकरार है। गांव सांखोल निवासी उमेद सिंह ने बीडीपीओ के जनसूचना अधिकारी से गांव की सरकारी भूमि के उपयोग को लेकर जानकारी मांगी है। आरटीआई एक्ट के तहत किए आवेदन में उन्होंने पूछा है कि वर्ष 1958-59 में की हुई चकबंदी के दौरान गांव की शामलात भूमि का रकबा कितना था। चकबंदी रिकॉर्ड में दर्ज भूमि के विवरण की सत्यापित कॉपी उपलब्ध करवाने की मांग की गई है। इसके अलावा शामलात भूमि पर बनी अनुसूचित जाति कॉलोनी, जलघर के निकट बने स्टेडिमय और गऊशाला की भूमि का खसरा नंबर और क्षेत्रफल के साथ पंचायती प्रस्तावों की जानकारी मांगी गई है। ग्रामीण उमेद सिंह के अनुसार वर्ष 1962 में हुए भारत-चीन युद्ध के दौरान शहीद हुए ब्रिगेडियर होशियार सिंह राठी के नाम से गांव में कॉलेज बनाने के लिए नींव रखी थी। लेकिन वहां कोई कॉलेज नहीं बना। अब उस भूमि की वर्तमान स्थित की जानकारी उन्होंने आरटीआई में देने की मांग की है। उनके अनुसार गांव में पंचायती भूमि पर दो स्कूल बनाए गए थे। एक स्कूल में पाठशाला चल रही है। दूसरे स्कूल को मिडल से सीनियर सेकेंडरी बनाया जा चुका है। इन दोनों स्कूलों के क्षेत्रफल की जानकारी तथा अलग-अलग समय पर पारित और निरस्त किए गए पंचायती प्रस्तावों की कॉपी आरटीआई में मांगी गई है। गांव की सरकारी भूमि के उपयोग को लेकर उठे सवालों के बीच अब उमेद सिंह ने आरटीआई लगाकर खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय से सारी स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।



## महाराज सेवानंद की पुण्यतिथि पर भंडारा



**झज्जर।** भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए साधु-संत। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव भदाना के शिव मंदिर में महाराज सेवानंद की पुण्यतिथि पर भंडारे का आयोजन किया गया। ग्राम सरपंच पवन कुमार ने बताया कि ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की त्रियोदशी को बाबा सेवानंद का भंडारा आयोजित किया जाता है। भंडारे की पूर्व रात्रि ग्राम वासियों द्वारा जागरण का आयोजन कर भजनों के माध्यम से गुरु की महिमा का गुणगान भी किया। भंडारे के दौरान सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया। शिव मंदिर के कमेटी प्रधान प्रोफेसर नीरज शर्मा ने बताया कि इस दौरान बाबा सेवानंद के भतीजे गोच्छी गांव निवासी राकेश ने भी अपने परिवार के साथ पहुंच कर सेवाएं दीं।

### इंदिरा गांधी विवि मीरपुर के नवनियुक्त कुलपति ने आवास पर किया हवन

# आईजीयू फर्स्ट का लक्ष्य रखते हुए विवि को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सभी योगदान दें: कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने रविवार से कुलपति आवास में अपना निवास आरंभ कर लिया है। इस अवसर पर भारतीय संस्कृति एवं परंपरा के अनुरूप सुबह हवन का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें उनकी पत्नी डा. सीमा मिगलानी सहित परिवार के सदस्यों ने भाग लिया। इसके अलावा विवि के कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह, अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रोफेसर विजय कुमार एवं डिप्टी रजिस्ट्रार डा. नवीन पिपलानी भी हवन में उपस्थित थे। कुलपति ने आवास परिसर में 10 फलदार पौधे भी लगाए। इस अवसर पर कुलपति डा. मिगलानी ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक, गैर शिक्षक स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मिलकर आईजीयू फर्स्ट का लक्ष्य सामने रखते हुए विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में अपना शत-प्रतिशत योगदान दे। कुलपति ने विश्वविद्यालय के स्टाफ सदस्यों के साथ मुलाकात भी की और उन्हें आश्वस्त किया कि वे निःसंकोच रूप से विश्वविद्यालय में अकादमिक गतिविधियों एवं शोध कार्यों को आगे बढ़ाएं।



**रेवाड़ी।** आईजीयू स्थित आवास में पौधरोपण करते कुलपति व स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

### साइबर ठगों ने लगाया 4.89 लाख रुपये का चूना

**रेवाड़ी।** आनंद नगर में रह रहे एक प्राइवेट बैंक कर्मचारी को गूगल टास्क से पैसा कमाने का लालच देकर साइबर ठगों ने लगभग 4.89 लाख रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में भिवानी निवासी मनीष कुमार ने बताया कि वह एक फाइनेंस बैंक में कार्यरत है। उसने आदर्श नगर में किराए का मकान लिया हुआ है। उसे 19 मई को एक व्हाट्‌ए एप ग्रुप से जोड़ा गया था। इसके बाद उसे एक टेलीग्राम ग्रुप से भी जोड़ दिया गया। उसे गूगल टास्क करने के नाम पर पैसा कमाने का लालच दिया गया। गूगल टास्क दकर उसे गूगल मैप पर रेटिंग देने को कहा गया। उसे टास्क पूरा करने के एक नंबर पर 2 हजार रुपये डालने को कहा गया, जिसके बदले उसे 2800 रुपये दिए गए। इसके बाद उसे अधिक टास्क करने के लिए उससे 30 हजार रुपये विजय कुमार अहीरवार नाम के व्यक्ति के खाते में डलवाए। मनीष ने बताया कि ठगी करने वाले लोग उसे झांसे में देकर बार-बार पैसे डलवाते रहे। जब उसके खाते में कोई राशि वापस नहीं आई, तो उसे ठगी का अहसास हुआ।

### ग्रीवेंस कमेटी की बैठक आज बाल भवन में

**रेवाड़ी।** जिला के नागरिकों की शिकायतों का निवारण करने के लिए जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक 26 मई को दोपहर 12 बजे बाल भवन में हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय और नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल की अध्यक्षता में आयोजित होगी। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित बैठक में कुल 21 परिवादों की सुनवाई की जाएगी।

### गांधी चौक में अकादमी ने लगाई छबील

**बहादुरगढ़।** शहर के गांधी चौक में स्थित नारंग संगीत अकादमी द्वारा रविवार को मीठे पानी की छबील लगाई गई। छबील में अकादमी के सभी शिष्यों ने बढ़ चढ़कर जल वितरण का सेवा कार्य किया। राहगीरों ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में ठंडा पानी पिलाने से बड़ी कोई सेवा नहीं हो सकती।

**खोया-पाया**

मैं, रीना पत्नी संदीप कुमार निवासी मकान नंबर-741, गली नंबर-4, विकास नगर, लाइनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर हरियाणा बयान करती हूं कि मैंने 13/01/2025 को एक 60 वर्ग गज प्लॉट पर बना मकान खरीदा था। लेकिन इसकी पिछली चेन रजिस्ट्री नंबर 3213 दिनांक 12/8/2005 मुंशीराम पुत्र होशियार सिंह निवासी बराहनिया बस्ती, विकास नगर, लाइनपार गुम हो गई है। जो काफी तलाश करने पर भी कहीं नहीं मिली। जिस किसी को ये दस्तावेज मिले तो उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## खबर संक्षेप

### जिला व उपमंडल स्तर पर आज लगेंगे समाधान शिविर

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि जिले में सोमवार को जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिसमें नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाएगा। समाधान शिविर लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित होगा, जबकि उपमंडल स्तर पर बहादुरगढ़, बादली और बेरी में भी सुबह दस से बाहर बजे तक दो घंटे समाधान शिविर लगाए जाएंगे।

### सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स का पंजीकरण अभियान जारी

**झज्जर।** जिला प्रशासन की ओर से आपदा प्रबंधन को मजबूत और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स का पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल के मार्गदर्शन में यह विशेष अभियान जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कैंप लगाकर संचालित किया जा रहा है। इसके अलावा ऑनलाइन भी रजिस्ट्रेशन करने की सुविधा जिला प्रशासन द्वारा प्रदान की गई है। जहां पूरे उत्साह से जिला वासी रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं।

### पटाखों के उत्पादन, बिक्री व इस्तेमाल प्रतिबंधित

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि एनसीआर में पटाखों का उत्पादन, बिक्री,



भंडारण और इस्तेमाल पूरी तरह से प्रतिबंधित है। हरियाणा सरकार के पर्यावरण, वन और वन्यजीव विभाग जारी आदेशों के आदेशों के तहत पटाखों की ऑनलाइन माध्यम से भी बिक्री व खरीद नहीं की जा सकती। इन आदेशों की उल्लंघना करने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पानी का सदुपयोग करने का आह्वान

**बहादुरगढ़।** रविवार को शहर के सेक्टर-13 में आयोजित एक कार्यक्रम में जल बचाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। पर्यावरण प्रेमी वजीर सिंह ने बताया कि गर्मी में अकसर पेयजल की समस्या गहरा जाती है। इसे देखते हुए जल बचाने को लेकर यह जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पानी प्रकृति से मिला अमूल्य संसाधन है। इसे पुनः बनाया या बढ़ाया नहीं जा सकता। केवल इसका संरक्षण, रिचार्ज व बचत की जा सकती है। पानी का सदुपयोग ही इसके संरक्षण एक उपाय है।

## वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में हुआ अभिनंदन समारोह का आयोजन

# टॉपर स्टूडेंट्स और टीचर्स को किया सम्मानित

कार्यक्रम में 23 स्कूलों के प्रधानाचार्यों और स्कॉलरशिप प्रोग्राम में भाग लेने वाली 50 छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

रविवार को शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय द्वारा अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न स्कूलों के 12वीं कक्षा के टॉपर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 23 स्कूलों के प्रधानाचार्यों और स्कॉलरशिप प्रोग्राम में भाग लेने वाली 50 छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

कॉलेज प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि विभिन्न विद्यालयों में 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित करके उनका उत्साह बढ़ाया गया। साथ ही कैरियर काउंसलिंग की व्यवस्था भी करवाई गई। एमडीयू के लोक प्रशासन विभाग की प्रोफेसर डॉ. अंजना गर्ग ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कहा कि हमें अपने विषय व संस्थान का चुनाव सोच-समझकर करना चाहिए। उन्होंने वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय के वातावरण की सराहना की। समारोह में रिदीत, पलक, सोनम, ईशा, सिमरन, सरिता, वर्षा, खुशी, विधि, साक्षी, दिवांशी, तन्वी, करीना, सलोनी, शब्द, खुशबू, दक्षिता, सुविक्षा, शिवानी, इशिता, इशिका, रिया, कनिष्का, रिया, लीना, हिमांशी, गर्विता, रोनिका, अंकित, तनिष्का, दीपिका, ज्योति, स्नेहा, पल्लवी, हिमांशु, गुरप्रीत कौर, रिया, प्रीति, प्रवेश, खुशी, गुंजन, सिद्धि, नवीति, विदुषी, तनीषा व चंचल आदि छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। त्रिवेणी स्कूल की निदेशक संगीता वर्मा तथा मिलन एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के डायरेक्टर संजीव सांगवान को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. शालू शर्मा व डॉ. नेहा नैन की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर मनीष जिंदल, प्रेम बंसल, आशीष गुप्ता, राजपाल शर्मा, यशपाल गांधी, सुरेश अग्रवाल, पवन जैन, विवेक तायल, गजानंद गर्ग, सुरेश चंद्र, मूलचंद जोशी, रूपाक्षी नारंग, अरुणा सहरावत आदि मौजूद रहे।




**बहादुरगढ़।** संगीता वर्मा को सम्मानित करती मुख्यअतिथि व कॉलेज प्रबंधन। फोटो : हरिभूमि



**झज्जर।** होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए अतिथि एवं शिक्षक।

## पुरस्कार वितरण समारोह में होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में आईएनटीएसओ लेवल-2 पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में क्लस्टर हेड कृष्ण कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। जबकि भौतिक विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा पिंकी ने विशिष्टातिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान एग्जीक्यूटिव एजीएम विक्रम रेड्डी गारु, एजीएम बालकृष्ण, ईडी जगन, रीजनल इंचार्ज अवनीश सिंह गारु ने आईएनटीएसओ लेवल-2 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इस दौरान जहां प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थी को लैपटॉप, मेडल और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया वहीं द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ व पंचम स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को आकर्षक उपहार, मेडल व सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

## विधायक ने किया सड़क निर्माण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून ने गांव नूना माजरा से मेहंदीपुर डाबोदा तक बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। अधिकारियों की मौजूदगी में नारियल फोड़ते हुए विधायक ने गुणवत्ता सुनिश्चित करने की हिदायत दी।

ग्रामीणों से बातचीत में विधायक राजेश जून ने कहा कि पिछले कई वर्षों से टूटी पड़ी हलके की सड़कों को नए सिरे से बनवाया जा रहा है, ताकि लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा का लाभ मिल सके। चुनाव जीतने के बाद उन्होंने सीएम नायब सिंह सैनी के समक्ष गावों को जोड़ने वाली सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर बनवाने की मांग की थी। उसके बाद से हर निरंतर ग्रामीण क्षेत्र में नई सड़कें बनाई जा रही हैं। इस अवसर पर सत्यवान, आशीष देसवाल, अतीक, अमित सत्यवान, जेई संदीप आदि मौजूद रहे।



**बहादुरगढ़।** सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक राजेश जून।

## मंदिर और अस्पताल में पहुंचे पूर्व सीएम हुड्डा

हरिभूमि न्यूज. बहादुरगढ़

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने रविवार को अनाज मंडी स्थित सनातन धर्म मंदिर में शिव परिवार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने पूर्व विधायक राजेंद्र जून व बादली के विधायक कुलदीप वत्स के साथ शिव परिवार की पूजा अर्चना की।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सनातन धर्म मंदिर में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा करने पर शिवभक्तों को शुभकामनाएं दी। इसके उपरांत वे नूना माजरा स्थित महाराजा अग्रसेन सतनारायण गुप्ता हॉस्पिटल में पहुंचे। यहां ट्रस्ट की प्रधान डॉ मीना सुभाष गुप्ता, पूर्व सांसद डॉ सुशील गुप्ता व प्रबंधक कमेटी के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा को अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान पूर्व चेयरमैन तेजवीर दलाल, श्रीनिवास गुप्ता, वेद प्रधान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेश जून, सतपाल राठी, एडवोकेट प्रवीण छिल्लर, पंडित राज पहलवान, मनोज नंबरदार, वीरेंद्र कौशिक, श्रीओम अहलावत, इंद्र राठी, प्रदीप यादव, असलम खान व गजानंद गर्ग आदि मौजूद रहे।



**बहादुरगढ़।** अनाज मंडी मंदिर में रिबन काटते पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा व राजेंद्र जून।

## वृंदावन और दिल्ली एयरपोर्ट में दौड़े बीआरजी के धावक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

दिल्ली एयरपोर्ट पर हुई एटीए अवेयरनेस रन और वृंदावन में हुई दौड़ में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के धावकों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान बीआरजी के संस्थापक दीपक छिल्लर और फिट इंडिया आईकॉन डॉ. किरण छिल्लर को ब्रांड एंबेसडर के तौर पर सम्मानित किया गया।

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आयोजित एटीए अवेयरनेस रन के दौरान बीआरजी के 50 से अधिक धावकों ने भाग लिया। दौड़ में पिता-पुत्र की जोड़ी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। वहीं अभय टेटे, नरेंद्र जांगड़ा, तनव कलकल, रणबीर, सत्यवान आदि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर आयोजन को यादगार बना दिया। रविवार को भगवान श्रीकृष्ण की नगरी वृंदावन में आयोजित वृंदावन रन में बीआरजी की टीम ने पूरी शक्ति और अनुशासन के साथ भाग लिया। इसमें ने धर्मवीर ने 5 किलोमीटर 40 प्लस में प्रथम स्थान, धर्मवीर सैनी ने 50 प्लस में प्रथम स्थान, नसीब चंद ने तृतीय स्थान, अशोक शर्मा ने 60 प्लस में द्वितीय स्थान और 10 किलोमीटर में पूनम ने 30 प्लस में द्वितीय स्थान, शलभ खरे ने 40 प्लस में तृतीय स्थान, ब्रह्म प्रकाश मान ने 50 प्लस में तृतीय स्थान और गुलाब सिंह ने 30 प्लस में तृतीय स्थान हासिल किया। समूह सदस्यों ने कहा कि उनके लिए दौड़ लगाना सामाजिक चेतना, फिटनेस जागरूकता और सामुदायिक एकता का एक सशक्त माध्यम है।




**बहादुरगढ़।** वृंदावन में दौड़ जीतने के बाद बीआरजी के धावक। फोटो : हरिभूमि

## सुबाना व कुलाना मंडल में निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

रविवार को सुबाना और कुलाना मंडल में तिरंगा यात्रा निकाली गई। सैनिकों के सम्मान में आयोजित इस तिरंगा यात्रा में जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना, जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, विनोद भटेडा, विधानसभा संयोजक बादली नरेंद्र जाखड़, मनीष बंसल सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने देश भक्ति से सराबोर कार्यक्रम में भागीदार बने। जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना ने कहा कि मोदी सरकार के ऐतिहासिक फैसले और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा हर गांव और बूथ तक पहुंचेगी। जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने पीएम मोदी और भारतीय सेना की बहादुरी की जमकर प्रशंसा की। लोकप्रिय कार्यक्रम पीएम मोदी के मन की बात को कार्यकर्ताओं ने हर बूथ पर सुना।



**झज्जर।** सुबाना और कुलाना मंडल में तिरंगा यात्रा निकालते हुए भाजपाई। फोटो : हरिभूमि

## आबकारी नीति लागू के अनुसार ई-टेंडरिंग शेड्यूल में बदलाव

**झज्जर।** डीईटीसी अशोक पांचाल ने बताया कि आबकारी एवं कराधान विभाग ने वर्ष 2025-27 के लिए आबकारी नीति में संशोधन जारी किए हैं, जो अब तत्काल प्रभाव से लागू हैं। संशोधित प्रावधानों का उद्देश्य आगामी नीति वर्ष के अंतर्गत खुदरा आबकारी क्षेत्रों के आवंटन के लिए भागीदारी को बढ़ाना और बोली प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना है। उन्होंने कहा कि नए परिवर्तनों के मद्देनजर जिले के लिए पहले ई-टेंडरिंग अनुसूची 22 से 23 मई 2025 संशोधित की गई। उन्होंने बताया कि नए शेड्यूल के अनुसार ई-टेंडर 26 मई खोला जाएगा व 27 मई को ई-टेंडर बंद होगा। इसके बाद ई-बोली का मूल्यांकन 27 मई होगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## लंबित मांगों को लेकर एनएचएम कर्मचारियों ने सहकारिता मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एनएचएम कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों का सहकारित मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा को ज्ञापन देकर मांगों को पूरी करने की गुहार लगाई। एनएचएम कर्मचारी संदीप कुमार जांगड़ा ने बताया कि प्रदेशभर में स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत एनएचएम कर्मचारियों की लंबित मांगे सरकार से बार-बार अनुरोध करने पर भी पूरी नहीं हो पा रही।

ऐसे में कर्मचारियों को घर चलाने में परेशानी आ रही है। उन्होंने कहा कि कभी आधी सैलरी मिलती है तो कभी मिलती ही नहीं। जबकि एनएचएम कर्मचारी आमजन को स्वस्थ रखने के लिए हमेशा तत्पर रहता है।

ज्ञापन लेने के उपरांत सहकारिता मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा ने एनएचएम कर्मचारियों को सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि कोरोना को मात देने में सफलता हासिल करने वाले एनएचएम कर्मचारियों की मेहनत एवं लग्न को देखते हुए हरियाणा सरकार ने प्रोत्साहन राशि से भी सम्मानित किया था। इस मौके पर अखिल सिंगल, राजेश कुमार, मोनिका, पूनम, अनीता, अंजू बागड़ी, सोनू सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



**झज्जर।** सहकारिता मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए एनएचएम कर्मचारी।

### वट सावित्री का व्रत आज रखेंगी महिलाएं

**बहादुरगढ़।** सौभाग्यवती महिलाएं सोमवार 26 मई को अपने पति की लंबी उम्र और सभी प्रकार की सुख-समृद्धि की कामना के लिए वट सावित्री व्रत रखेंगी। खास बात यह है कि यह व्रत इस साल दुर्लभ संयोग में पड़ रहा है। इससे इसका महत्व बढ़ गया है। पंडित महेंद्र शर्मा के अनुसार वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि यह अमावस्या सोमवार 26 मई को दिन में 12:11 बजे से शुरू हो रही है। इसका समापन मंगलवार 27 मई को सुबह 8:31 बजे पर होगा। ऐसे में 26 मई को वट सावित्री व्रत का व्रत रखा जाएगा। इस साल यह व्रत भरणी नक्षत्र में मनाया जाएगा। शोभन और अतिगण्ड योग का संयोग भी रहेगा। इस व्रत में बरगद की पूजा की जाती है। मान्यता है कि जिस तरह बरगद का पेड़ दीर्घायु होता है, इसकी पूजा से भक्त के पति को भी उसी तरह लंबी उम्र प्राप्त होती है। वट वृक्ष में सभी देवी-देवताओं का वास होता है। इस वृक्ष की पूजा करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

## दुजाना गांव में सिविल डिफेंस कैंप का आयोजन आज

**बेरी।** आपदा प्रबंधन तैयारियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स के पंजीकरण को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 26 मई को राजकीय महाविद्यालय दुजाना व 27 मई को खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय बेरी में विशेष सिविल डिफेंस कैंप का आयोजन किया जाएगा।



एसडीएम रेणुका नांदल ने बताया कि सिविल डिफेंस टीम में शामिल होने के लिए पूर्व सैनिक, पूर्व पुलिस कर्मचारी, एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र से जुड़े युवा, रेडक्रॉस स्वयंसेवक, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, महिला एवं पुरुष सभी इच्छुक नागरिक भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि पंजीकरण के लिए प्रतिभागियों को निर्धारित कैंप स्थल पर अपना मूल पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो व अन्य निर्धारित दस्तावेज साथ अवश्य लेकर आएं। पंजीकृत वॉलंटियर्स को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा ताकि वे किसी आपात स्थिति में प्रशासन के साथ मिलकर राहत एवं बचाव कार्यों में सहयोग दे सकें।

## वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें : डॉ. राजश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला पुलिस द्वारा आमजन को यातायात नियमों की पालना को लेकर जागरूक किया जा रहा है। जिला पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह ने कहा कि यातायात के नियमों का पालन करके हम काफी हद तक सड़क दुर्घटनाओं से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि सड़क पर तीन तरह के सिग्नल होते हैं, जिन पर प्रत्येक वाहन चालक को ध्यान देना व उनकी जानकारी होना बहुत आवश्यक है। आदेशात्मक चिन्ह, सचेतक सड़क चिन्ह जो चेतावनी देते हैं और सूचनात्मक सड़क चिन्ह जो सूचना प्रदान करते हैं सभी चिन्ह अलग-अलग रंग व आकार के होते हैं। अधिकतर देखने में आता है कि सड़क दुर्घटना होने के मुख्य कारण सही लेन में गाड़ी ना चलाना, कई घंटों तक लगातार ड्राइविंग करना, नींद को इग्नोर करना, नशा करके गाड़ी चलाना व वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करना सीट बेल्ट व हेल्मेट का प्रयोग न करना आदि है।



### इन बातों का रखें ध्यान

- एंबुलेंस को रास्ता दें।
- बहुत ज्यादा और लगातार हॉर्न का उपयोग न करें।
- वाहन की गति पर नियंत्रण रखें।
- चौराहे, यू-टर्न, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में वाहन की गति धीमी रखें।
- यातायात सिग्नल को फालो करें।
- ओवरटेकिंग से बचे।
- सीट बेल्ट, हेलमेट का उपयोग जरुर करें।
- वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करें।
- वाहन चलाते समय किसी तरह का नशा न करें।



**बहादुरगढ़।** बराही गांव में पीएम मन की बात कार्यक्रम सुनते रविंद्र छिल्लर व अन्य।

## बराही में सुनीं पीएम के मन की बात

**बहादुरगढ़।** जिला परिषद रविंद्र छिल्लर बराही ने रविवार को गांव बराही में कार्यकर्ताओं के साथ बूथ नंबर-30 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम सुना। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी ने भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम की जमकर सराहना करते हुए सेना को सलाम किया। रविंद्र छिल्लर के अनुसार पूरी दुनिया आतंकवाद का सफाया चाहती है। पहलगाम हमले के बाद पीएम मोदी ने अपनी सूझबूझ से तीनों सेनाओं के प्रमुखों को करारा जवाब देने के लिए खुली छूट दी। परिणाम स्वरूप हमारी सेना ने पाकिस्तान में 9 आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया। देश की 140 करोड़ जनता भारतीय सेना के साथ गर्व से खड़ी है।